Volume I Issue VI Feb-March 2025

# शिवनगर पल्स

## मासिक पत्रिका

## राजकीय महाविद्यालय शिवनगर



"शिवनगर पल्स" एक सूचनात्मक, आकर्षक और प्रेरक मंच बनने की आकांक्षा रखता है जो राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के जीवंत जीवन को प्रतिबिंबित करता है।

और पढ़ें

www.gdcshivnagar.in E-mail: svggcollegeshivnagar@gmail.com

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क दिनांक 06. 02.2025. को सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम, प्रीति बी कॉम द्वितीय वर्ष ने दूसरा और यामिनी बी. कॉम द्वितीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में कृतिका बी. कॉम द्वितीय वर्ष ने प्रथम, मुस्कान बी . ए. तृतीय वर्ष ने दूसरा, कीर्ति बीकॉम तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान बी. कॉम द्वितीय वर्ष ने प्रथम, सोनाक्षी बी. ए. प्रथम वर्ष ने दूसरा वहीं यामिनी द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।






www.gdcshivnagar.in E-mail: svggcollegeshivnagar@gmail.com

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

आज दिनांक 10/02/2025 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या व मुख्य अथिति डॉ. संगीता सिंह ने किया। सबसे पहले स्पोर्ट्स संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी और महाविद्यालय के सभी क्लबों के स्वयंसेवकों ने मार्च पास करते हुए प्राचार्य महोदया का अभिवादन किया। जिसके बाद डॉ. संगीता सिंह ने जीवन में खेलकूद का महत्त्व बताते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए प्रतियोगिता शुरू करने के निर्देश दिए। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम आने के बाद पुरुष वर्ग में साहिल को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी, और महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाडी रितिका को चुना गया। प्रतियोगिताएं समाप्त होने के साथ ही पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अथिति और प्राचार्या डॉ संगीता सिंह ने विजेताओं को मैडल पहनाया और राष्ट्र गान के साथ प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, डॉ. योगेश पाण्डेय, श्री रविन्द्र सिंह, श्री मनजीत सिंह उपस्थित रहे।






www.gdcshivnagar.in E-mail: svggcollegeshivnagar@gmail.com

# युवा मतदाता देश का भविष्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 11 फरवरी 2025 को 'स्वीप' के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रो. राजेश कुमार ने इंट्रेएक्टिव पैनल के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के विषय में बताते हुए युवाओं की मतदान में भागीदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताया। वीडियो के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया समझाते हुए मतदान के नियमों से भी अवगत कराया। विद्यार्थियों ने अंत में प्रश्न भी पूछे जिसका निदान भी वक्ता द्वारा किया गया।



# प्रकृति संरक्षण समय की मांग

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में सी. एस. सी. ए. एवं एन. एस. एस. के संयुक्त तत्वाधान में 17-18 फरवरी को दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 'प्रकति संरक्षण' विषय पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में पहले दिन चित्रकला और रंगोली की प्रतियोगिता हुई जिसमें पर्यावरण अनुकूल रंगों का प्रयोग किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने पर्यावरण का हमारे जीवन में महत्त्व बताते हुए उसके प्रबंधन और संरक्षण पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, प्रो. योगेश पाण्डेय उपस्थित रहे।






# रंगोली द्वारा सड़क सुरक्षा का सन्देश

दिनांक 19/ 02 /2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चार टीमों के अंतर्गत 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बड़ी ही सुंदर रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न उपायों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया।



# लीफ पेंटिंग में चित्रित टी. वी. मुक्त भारत

आज दिनांक 19/02/2025 को रेड रिबन क्लब द्वारा 'टी. बी. मुक्त भारत' अभियान के तहत पत्ती चित्रकारी (लीफ पेंटिंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने प्रतिभागियों को रंग वितरित कर प्रतियोगिता का आरम्भ किया। विभिन्न पत्तों पर टी. बी के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थियों ने सुन्दर चित्र, नारे व पोस्टर बनाए। इस जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।



# लोक संगीत में निहित जीवन का सार

आज दिनांक 20/02/2025 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में संगीत विभाग द्वारा 'हिमाचल प्रदेश का लोक संगीत' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति और प्रमुख वक्ता के रूप में प्रसिद्ध संगीतकार और शिक्षाविद डॉ. जनमेजय सिंह गुलेरिया तथा विशिष्ट अथिति के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह उपस्थित रहे। संगीत के विभागध्यक्ष डॉ. उज्ज्वल सिंह ने सभी का स्वागत दीप प्रज्वलन के साथ कराया। प्राचार्य महोदया ने मुख्य वक्ता का स्वागत पुष्प, शाल और स्मृति चिन्ह देकर किया। जिसके बाद मुख्य वक्ता ने लोक, कला, संस्कृति और संगीत पर बात करते हुए हिमाचल के लोक संगीत को बहुत से विस्तार और सजीवता के साथ उदाहरण देकर बताया। लोक संगीत पर प्रस्तुति भी दी। जिसके बाद डॉ. उज्ज्वल ने औपचारिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, डॉ. योगेश पाण्डेय व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






www.gdcshivnagar.in E-mail: svggcollegeshivnagar@gmail.com

# 'सृजनोत्सव' संस्कृति का सृजन

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की CSCA (कॉलेज स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन) ईकाई द्वारा 'सृजनोत्सव' 2024-25 कार्यक्रम छात्रों द्वारा बड़ी धूम - से मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में भूमिका निभाई। प्राचार्या ने कहा कि हमारा कॉलेज हमेशा से समग्र विकास का एक पोषक स्थान रहा है, और ऐसे आयोजन हमें यह याद दिलाते हैं कि शिक्षा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपनी प्रतिभाग को खोजने और निखारने के बारे में भी है। CSCA की प्रधान मुस्कान ने महाविद्यालय में किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए प्राचार्य का धन्यवाद किया। तदोपरांत लोक नृत्य के साथ -साथ गायन की विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने खूब समा बांधा। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण के साथ - साथ सड़क सुरक्षा क्लब, के अंतर्गत की गई विभिन्न गतिविधियों, पोस्टर मेकिंग स्लोगन राइटिंग , निबंध लेखन, रंगोली के पुरस्कार भी वितरित किए गए। इसके साथ रेड रिबन क्लब के अंतर्गत भी विभिन्न पारितोषिक वितरण किए गए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को बहुत - बहुत बधाई दी।






www.gdcshivnagar.in E-mail: svggcollegeshivnagar@gmail.com

# आपदा प्रबंधन का महत्त्व

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, वंशिका संस्कृतिक कला मंच और एन. एस एस इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जंगल की आग, भूकंप, बाढ़ आदि आपदाओं के बारे में जागरूक करना और उन्हें आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान करना था। नुक्कड़ नाटक का मंचन, आपदा प्रबंधन पर जानकारी का वितरण, छात्रों के साथ चर्चा के साथ नुक्कड़ नाटक में जंगल की आग, भूकंप, बाढ़ आदि आपदाओं के बारे में जानकारी दी गई और छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। छात्रों ने आपदाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी भूमिका को समझा।






www.gdcshivnagar.in E-mail: svggcollegeshivnagar@gmail.com

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 8 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन वीमेन ग्रेवीन्स सेल, एन एस. एस और रेड रिबन के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या और मुख्य अथिति डॉ. संगीता सिंह ने दीप प्रज्जवलन के साथ की। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. शिखा धरवाल ने मुख्य अथिति का स्वागत करते हुए उन्हें वक्तव्य के लिए आमंत्रित किया। डॉ. संगीता सिंह ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए समाज निर्माण में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया और उदाहरणों के माध्यम से महिला को प्रगति और विकास के लिए प्रेरित किया। इसके बाद काव्यपाठ और भाषण प्रतियोगिता का आरम्भ हुआ संगीत विभाग के आचार्य डॉ उज्ज्वल सिंह ने महिला दिवस पर सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ ही महाविद्यालय की स्टॉफ श्रीमती माया देवी को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार, डॉ. उज्जवल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, डॉ योगेश पाण्डेय, श्री रविंदर सिंह उपस्थित रहे।



# एक दिवसीय शिविर

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 13/03/2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की शिवनगर इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालयी परिसर में किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवियों ने परिसर की साफ-सफाई कर कूड़ा-करकट हटाया और एन. एस. एस. वाटिका को संवारा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई।



# वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में आज दिनांक 15/03/2025 को वार्षिक परितोषक वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. आर. आर. भाटिया एवं मुख्य अथिति के रूप में प्राचार्या डॉ. राका शर्मा, डॉ. शमशेर सिंह का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने गुलदस्ता देकर व हार पहनाकर किया। राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का आरम्भ किया गया। मंच संचालक करते हुए डॉ. नीतिका शर्मा और प्रो. विवेकानंद ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राचार्य महोदया को वार्षिक रिपोर्ट पढ़ने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. संगीता सिंह ने मुख्य अथिति, विशिष्ट अथिति, पी. टी. ए. सदस्यों, मीडिया के लोगों व अभिभावकों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से महाविद्यालय के वर्ष भर की उपलब्धियों, कार्यक्रमों, परिणामों आदि का विस्तृत ब्यौरा दिया और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी वर्षों के लिए शुभकामनायें दी। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एकल पहाड़ी नृत्य, झामकड़ा, नाटी, पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया गया। पुरस्कार वितरण से पहले मुख्य अथिति डॉ आर. आर भाटिया ने सभी को सम्बोधित करते हुए पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और अपने बहुमूल्य अनुभवों को साझा करते हुए 21000 रुपए तथा स्वयरचित पुस्तक महाविद्यालय को भेंट किए। जिसके बाद पुरस्कार वितरित किए गए। गत वर्ष बी. ए. और बी. कॉम. में प्रथम रहीं तमन्ना और अंजलि को पी. टी. ए. की तरफ से 5100-5100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। अंत में राजेश कुमार ने सभी का धन्यवाद करते हुए समारोह का औपचारिक समापन की घोषणा करी।






www.gdcshivnagar.in E-mail: svggcollegeshivnagar@gmail.com

# महाविद्यालय पंचायत संवाद




राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 17 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता और युवाओं में बढ़ती नशे की लत को खत्म करने के लिए आसपास के पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। इस संवाद में क्षेत्र के विकास के साथ महाविद्यालय के विकास के सम्बन्ध को बताते हुए प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने भविष्य की अनेक योजनाओं पर भी चर्चा की। सभी प्रधानों ने अपने बहुमूल्य सलाह के साथ आसपास की सफाई के लिए कहा और संवाद को सफल बनाया।





प्रो. शिखा धरवाल
मुख्य संपादक
सहायक आचार्य वाणिज्य
शिवनगर महाविद्यालय



प्रो विवेकानंद शर्मा
सह संपादक
सहायक आचार्य संस्कृत
शिवनगर महाविद्यालय



डॉ योगेश पांडे
सह संपादक
सहायक आचार्य हिंदी
शिवनगर महाविद्यालय